<u>अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस</u>

आज दिनांक 12 सितम्बर 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी के दिशा-निर्देशन में पोस्टर-मेकिंग तथा स्लोगन-लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसमें महाविद्यालय के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । स्लोगन-लेखन प्रतियोगिता में रिदिमा (बी० ए० अर्थशास्त्र ऑनर्स, तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, संगीता (बी० ए० अर्थशास्त्र ऑनर्स, द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा हिमांशी (बी० एस० सी०, प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर-मेकिंग में ख़ुशी (बी० ए० अर्थशास्त्र ऑनर्स, प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, निक्की (बी० एस० सी०, प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा इशिता (बी० ए० अर्थशास्त्र ऑनर्स) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निर्णायक मंडल में श्रीमती उषा चौधरी तथा डॉ० रेनू माहेश्वरी रहे । यह प्रतियोगिता संयोजिका श्रीमती त्रिमेश कालरा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गयी । प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों तथा विजेताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी ।